This question paper contains 7 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **175**

Unique Paper Code : **205140**

**F**

Name of the Paper : **Hindi (B)**

Name of the Course : **B.A. (Programme)**

Semester : **I**

Duration : **3 Hours**

Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रत्येक प्रश्न के भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 9+9=18

(क) यह मूर्तियाँ किस प्रकार के स्मृति चिह्न हैं ? इस दरिद्र देश के बहुत से धन की एक ढेरी है, जो किसी काम नहीं आ सकती । एक बार जाकर देखने से ही विदित होगा कि वह कुछ विशेष पक्षियों के कुछ देर विश्राम लेने के अड्डे से बढ़कर कुछ नहीं है । माई लार्ड ! आपकी मूर्ति की वहाँ क्या शोभा होगी ? आइए मूर्तियाँ दिखावे ! वह देखिए एक मूर्ति है, जो किले के मैदान में नहीं है, पर भारतवासियों के हृदय में

बनी हुई है । पहचानिए, इस वीर पुरुष ने मैदान की मूर्ति से इस देश के करोड़ों गरीबों के हृदय में मूर्ति बनवाना ज्यादा अच्छा समझा । यह लार्ड रिपन की मूर्ति है । और देखिए एक स्मृति मंदिर, यह आपके पसास लाख के संगमरमर वाले से अधिक मजबूत और सैकड़ों गुना कीमती है ।

(*i*) 'यह मूर्तियाँ किस प्रकार के स्मृति चिह्न हैं ? इस दरिद्र देश के बहुत से धन की एक ढेरी है, जो किसी काम नहीं आ सकती ।' आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*ii*) लार्ड रिपन की मूर्ति भारतवासियों के हृदय में स्थान बनाने में क्यों सफल रही ?

(*iii*) इस अनुच्छेद के लेखक और पाठ का नाम बताइए ।

(ख) कुटज क्या केवल जी रहा है ? वह दूसरे के द्वार पर भीख माँगने नहीं जाता, कोई निकट आ गया तो भय के मारे अधमंरा नहीं हो जाता, नीति और धर्म का उपदेश नहीं देता फिरता, अपनी उन्नति के लिए अफसरों का जूता नहीं चाटता फिरता, दूसरों को अपमानित करने के लिए ग्रहों की खुशामद नहीं करता, आत्मोन्नति के हेतु नीलम नहीं धारण करता, अंगूठियों की लड़ी नहीं पहनता, दाँत नहीं निपोरता, बगलें नहीं झाँकता । जीता है और शान से जीता है – काहे वास्ते, किस उद्देश्य से ? कोई नहीं जानता । मगर कुछ बड़ी बात है । स्वार्थ के दायरे से बाहर की बात है ।

(*i*) लेखक के अनुसार मनुष्य विपरीत परिस्थितियों में क्या-क्या उपाय करता है ?

(*ii*) कुटज अपना जीवन किस प्रकार जीता है ?

(*iii*) विलोम शब्द लिखिए :

उन्नति, उद्देश्य, स्वार्थ ।

(ग) सत्य या भ्रातृत्व, किसी एक तत्त्व को लेकर नैतिकता नहीं होती । कोई अगर कह देता है कि सत्य में भ्रातृत्व अनिवार्य रूप में निहित है, तो तर्क के लिए बात सही है, लेकिन व्यावहारिक समझ इससे बनती नहीं है । भ्रातृत्व के लिए और कई शब्द हो सकते थे । बाइबल का प्रेम शायद बेहतर है । लेकिन सतही अर्थ में प्रेम शब्द का इस्तेमाल बहुत ज्यादा होता है । भारतीय शब्दों में करुणा श्रेष्ठ है । लेकिन मनुवादी हिन्दू मानसिकता में इसकी समझ नहीं बन पाती है । एक औसत हिन्दू करुणा का मतलब दया समझता है और दया के पात्र को हेय मानता है । दया में कोई जोखिम नहीं है । करुणा में जोखिम है । किसी कुष्ठ रोगी या वेश्या को गले लगाने से आप समाज में निंदित होते हैं ।

(*i*) औसत हिन्दू के लिए करुणा को समझना मुश्किल क्यों है ?

(*ii*) किसी कुष्ठ रोगी या वेश्या को गले लगाने से समाज में व्यक्ति निंदित क्यों होता है ?

(*iii*) निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखिए :

भ्रातृत्व, श्रेष्ठ, निंदित ।

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(*i*) आध्यात्मिक मनोवैज्ञानिकों के मत में अनुताप का मूल कारण क्या है ?

(अनुताप की महिमा)

(*ii*) बिस्मिल ने क्या अपील की थी और वह खारिज क्यों हो गई ?

(बिस्मिल का अंतिम संदेश)

(*iii*) 'दाना दुश्मन' से 'नादान दोस्त' क्यों श्रेष्ठ माना जाता है ?

(शुभकामना : एक जीवन-तत्त्व)

(*iv*) सरस्वती कौन थी ? सम्मान में प्राप्त हुए रुपयों का सरस्वती ने क्या किया ?

(फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(*v*) बहादुर के जाने के बाद लेखक के परिवार के लोगों को पश्चाताप क्यों हुआ ?

(बहादुर)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×2=10

(*i*) गिलहरी के किन गुणों के कारण सत्यधन ने लड़की का नाम कट्टो रखा ?

(*ii*) कट्टो ने सत्यधन को पत्र में क्या लिखकर भेजा ?

(*iii*) सत्यधन कट्टो से विवाह क्यों नहीं करना चाहता था ?

(*iv*) बिहारी जोखिम से भरा जीवन क्यों जीना चाहता था ?

(*v*) गरिमा और कट्टो में क्या-क्या स्वभावगत भिन्नताएँ थीं ?

(*vi*) बिहारी और कट्टो के विवाह पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

(*vii*) 'कृत्रिम जरूरतें पैदा करो, परिग्रह बढ़ाओ !' इस पंक्ति के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) पीयर्स ने स्कूल में अनुशासन और अध्ययन के लिए किन-किन तरीकों का सहारा लिया ? (आस्थावान अंग्रेज़ी शिक्षक : एफ.जी. पीयर्स)

(*ii*) फ्राइडे क्लब में किस प्रकार की गतिविधियाँ होती थीं ?

(जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(*iii*) शिशिर भादुड़ी ने राष्ट्रपति से सम्मान लेने से क्यों इंकार कर दिया ?

(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(*iv*) पन्नालाल घोष ने बाँसुरी वादन की नई शैली किन प्रयोगों के आधार पर विकसित की ?

(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(*v*) डॉ. अल्टेकर की प्रशासनिक समझ किस प्रकार की थी ?

(व्यवहारकुशल और संवेदनशील पण्डित : अनंत सदाशिव अल्टेकर)

(*vi*) सच्चिदानंद सिन्हा का जीवन के प्रति क्या दृष्टिकोण था ?

(एक जन्मजात चक्रवर्ती : सच्चिदानंद सिन्हा)

(*vii*) सुधींद्रनाथ दत्त का बचपन किस प्रकार के वातावरण में बीता ?

(द्रष्टा, कर्ता और कवि : सुधींद्रनाथ दत्त)

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 4

(*i*) सबसे खतरनाक होता है सपनों का मर जाना

(*ii*) करत करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान

(*iii*) दिखता है अंत जहाँ, होती है शुरुआत वहाँ ।

5. नीचे दिये गए अवतरण का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए : 4

दलित बचपन में प्रवेश एक बेहद दुरूह और जोखिम भरा काम है । अभी तक बचपन को बहुत गौरवान्वित करके देखा जाता रहा है । उसकी बहुत प्रशस्तियाँ गायी गई हैं । यहाँ तक

कि बचपन के बदले अपने पूरे जीवन की उपलब्धियों को न्यौछावर कर देने की घोषणाएँ की जाती रही हैं । लेकिन दलित बचपन एक अलहदा बचपन है । यह भारतीय बचपन की 'गौरवशाली' इमारत को ध्वस्त कर देता है । दलित बचपन भारत के बचपन का जो नया दृश्य प्रस्तुत करता है, उससे बचपन के प्रति घृणा पैदा होती है । यह घृणा असल में भारतीय समाज की अमानवीय और विषमतापूर्ण सभ्यता और संस्कृति के प्रति है । जो बचपन का गुणगान करने के आदी हैं, जो 'गौरवशाली भारतीय संस्कृति' पर अभिमान करते हैं, लाज़िमी है कि उन्हें दलित बचपन पर एतराज़ होगा क्योंकि ये बचपन अपनी समस्त विद्रूपता में उन्हें उनकी 'गौरवशाली भारतीय संस्कृति' का वास्तविक चेहरा दिखा रहा है । दलित बचपन में प्रवेश के लिए बहुत ज्यादा संवेदनशील और मानवीयता से परिपूर्ण हृदय चाहिए । इसमें दुखों, तकलीफों, वंचनाओं, अभावों की बेहद महीन और गहरी तहें और गिरहें हैं ।

6. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए : 8

(*i*) सांप्रदायिकता और राजनीति

(*ii*) बाल मजदूरी

(*iii*) मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) का सच ।

7. किसी **एक** घटना या स्थिति का चित्रण कीजिए : 7

(*i*) जब शिक्षक ने कक्षा में मोबाइल ले लिया

(*ii*) कॉलेज का पहला दिन ।

8. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार रूपांतरण कीजिए : 6

(i) तुमने कहा था कि तुम आओगे । (सरल वाक्य)

(ii) मेघालय में बाढ़ आई । जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया । (संयुक्त वाक्य)

(iii) गरजने वाले बादल बरसते नहीं हैं । (मिश्र वाक्य)

(iv) अभिश्रुत बैठा है । (भाववाच्य)

(v) नानी कहानी सुनाती हैं । (कर्मवाच्य)

(vi) दिल्ली के हर घर-आँगन में चिड़िया देखने को मिलती है । (निषेधवाचक वाक्य)

9. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 3

वात्सलय, लोकोकती, सन्यास ।

10. निम्नलिखित संक्षिप्तियों के पूर्ण रूप लिखिए : 3

यू.जी.सी., दि.वि.प्रा., के.मा.शि.बो. ।